web: www.nyaysakshi.com | पृष्ठ-2 में पढ़ें संपादकीय-खेल-व्यापार-धर्म-खाना खजाना-राशिफल | पृष्ठ-3 में पढ़ें छत्तीसगढ़-प्रादेशिक

Govt. Registered Social Justice Union

दैनिक

# न्याय साक्षी

अधिकार से न्याय तक

**आवश्यक सूचना**

आप सभी को सूचित करते हर्ष हो रहा है, कि न्यायसाक्षी अधिकार से न्याय तक का सर्वे का कार्य तेजी से चल रहा है, जल्द ही सर्वे की टीम आपके घर विजिट करेगी, कृपया अपनी प्रति सुरक्षित कराएं।

RNI NO - CHHHIN/2018/76480 | Postal Registration No-055/Raigarh DN CG | रायगढ़, सोमवार 16 जनवरी 2023 | पृष्ठ-4, मूल्य 3 रुपए | वर्ष-05, अंक- 110

## महत्वपूर्ण एवं खास

### जोशीमठ में होटलों को तोडऩे का काम जारी

**चमोली (आरएनएस)।** भू धंसाव की जद में आए होटल मलारी इन एवं माउन्ट व्यू को तोडऩे की कार्यवाही चौथे दिन भी जारी रही। चार दिन बाद भी अभी तक इन दोनों होटलों की सबसे ऊपरी मंजिल नहीं तोड़ी जा सकी है। चौथे दिन जहां ध्वस्तीकरण कर रही टीम ने मलारी इन का ऊपरी माले की दीवार तोडऩे के बाद उसके कालम तोडऩे शुरू कर दिए हैं तो वहीं होटल माउन्ट व्यू के छत में सिमेन्ट से बनाये बड़े-बड़े पानी के टैंक व छत पर चारों ओर सीमेन्ट की बनाई गई रेलिंग को ही टीम चौथे दिन तोड़ पायी है। वहीं इन दोनों होटलों को ध्वस्तीकरण करने के लिए पुलिस प्रशासन द्वारा नेशनल हाईवे को थाने के सामने से माउन्ट व्यू होटल के निकट तक पिछले 4 दिनों से बंद कर रखा है। कोतवाल कैलाश चन्द्र भट्ट कहते हैं कि सुरक्षा की दृष्टीगत ऐसा किया गया है और वाहनों की आवाजाही औली बाईपास से करवाई जा रही है।

### बाइकों की जोरदार भिड़ंत, दो लोगों की मौत, मचा कोहराम

**बागपत (आरएनएस)।** जनपद में रविवार को एक दर्दनाक हादसा हो गया, जिसमें लोगों की जान चली गई। वहीं दो लोगों की मौत से परिवार में कोहराम मचा है। बताया गया कि सिनौली गांव से रविवार को बड़ौत एक शादी में कन्यादान देने जा रहे बाइक सवार की दूसरी बाइक से आमने-सामने की टक्कर हो गई। इस हादसे में दो लोगों की मौत हो गई, जबकि एक गंभीर रूप से घायल हो गया। वहीं राहगीरों ने घायलों को नगर के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया, जहां पर चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। उधर, एक साथ दो लोगों की मौत से परिवार में कोहराम मच गया।

### 2.45 करोड़ की धोखाधड़ी, केरल से एक महिला गिरफ्तार

**कोलकाता (आरएनएस)।** ऑनलाइन ट्रेडिंग के माध्यम से क्रिप्टो करेंसी में निवेश का झांसा देकर 2.45 करोड़ रुपए फ्रॉड के मामले में बिधाननगर पुलिस ने केरल से एक महिला को गिरफ्तार किया है.पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार ऑनलाइन ट्रेडिंग फेसबुक अकाउंट ...से क्रिप्टो करेंसी के कारोबार में निवेश के नाम पर केरल से श्वेता सोनाली को वित्तीय धोखाधड़ी के मामले में गिरफ्तार किया गया है.केरल से गिरफ्तार कर महिला को ट्रांजिट रिमांड पर कोलकाता लाया गया. उन्हें बिधाननगर अनुमंडल न्यायालय में पेश किया गया. पुलिस सूत्रों के अनुसार 22 मार्च, 2022 को कोल इंडिया के पूर्व अधिकारी सोमनाथ बसाक ने बिधाननगर साइबर शाखा में क्रिप्टो करेंसी के कारोबार में निवेश करने के लिए फेसबुक अकाउंट/वेबसाइट पर ट्रेडिंग करने की शिकायत दर्ज कराई थी.उन्होंने आरोप लगाया था कि वह क्रिप्टो करेंसी के कारोबार में 60 और 40 प्रतिशत लाभांश को लेकर सहमत हुए थे. उन्हें कहा गया था कि वह अगली अवधि में कुछ रुपए का निवेश करते हैं, तो उन्हें लाभांश के साथ प्रतिफल मिलेगा. अगली अवधि में वह 25 लाख रुपये का निवेश करते हैं और वह पैसा लाभांश के साथ 25 करोड़ रुपए हो जाएगा. उसके बाद उनके बैंक अकाउंट से 2 करोड़ 35 लाख ट्रांसफर किये गये, लेकिन पैसे के भुगतान के बाद सोशल मीडिया से कंपनी के पेज को हटा दिया गया.जांच के बाद बिधाननगर साइबर शाखा पुलिस ने तंजौर टेक प्राइवेट लिमिटेड कंपनी की निदेशक श्वेता सोनाली को आरके गार्डन, न्यू बेल रोड थाने, सदाशिव नगर, केरल से गिरफ्तार किया है. पुलिस उन्हें केरल से गिरफ्तार कर कोलकाता लायी है .

# मकर संक्रांति पर पवित्र स्नान के लिए गंगासागर पहुंचे लाखों श्रद्धालु, दो लोगों की मौत



**सागर आइलैंड (आरएनएस)।** पश्चिम बंगाल में दक्षिण 24 परगना जिले के सागर आइलैंड स्थित गंगासागर में शनिवार को मकर संक्रांति के अवसर पर लाखों श्रद्धालुओं ने पवित्र स्नान किया. अधिकारियों ने बताया कि इस दौरान दो लोगों की हृदय गति रुकने से मौत हो गई, जिनकी उम्र 70 साल के आसपास थी. एक अन्य व्यक्ति की शुक्रवार को मौत हुई थी.

मेला का प्रभार संभाल रहे पश्चिम बंगाल के ऊर्जा एवं खेल मंत्री अरुप बिश्वास ने बताया कि पांच जनवरी से लेकर 14 जनवरी को मंकर संक्रांति तक करीब 40 लाख श्रद्धालु गंगासागर मेला में आ चुके हैं, जिनमें से अधिकतर अपने-अपने घरों को लौट चुके हैं. उन्होंने बताया कि शनिवार को शाम छह बजकर 53 मिनट पर मकर संक्रांति का स्नान शुरू हुआ और सर्दी के बावजूद लाखों की संख्या में श्रद्धालुओं ने डुबकी लगाई और कपिल मुनि आश्रम में दर्शन किए. बिश्वास के मुताबिक, स्नान 24 घंटे तक चलेगा और कई श्रद्धालुओं के रविवार को स्नान करने की संभावना है.

उन्होंने बताया कि दो श्रद्धालुओं की शनिवार को मौत हो गई, जिनकी पहचान ओडिशा के रहने वाले 72 वर्षीय प्रताप चंद्र गिरि और बिहार निवासी 73 वर्षीय बियोला देवी के तौर पर की गई है. मंत्री ने बताया कि अब तक 3,500 श्रद्धालुओं ने 'ई-स्नान' सेवा का लाभ लिया है, जिसके तहत ऑनलाइन ऑर्डर करने पर व्यक्ति के घर पर गंगासागर का पवित्र जल पहुंचाया जाता है. उन्होंने बताया कि गंगासागर मेला के दौरान ई-दर्शन के माध्यम से अब तक करीब 60 लाख लोगों ने कपिल मुनी मंदिर में दर्शन किए हैं.

बिश्वास ने बताया कि अमेरिका, ऑस्ट्रेलिया, ब्रिटेन, स्पेन, रूस, यूक्रेन, न्यूजीलैंड, ब्राजील और देश के अलग-अलग हिस्सों के श्रद्धालुओं ने सागर प्रवचन कार्यक्रम में हिस्सा लिया है, जिसमें अध्यात्म और शांति का संदेश दिया जाता है. उन्होंने बताया कि पहली बार राज्य के सूचना एवं संस्कृति विभाग ने मेला क्षेत्र में सात भाषाओं-बांग्ला, भोजपुरी, हिंदी, मराठी, उडिय़ा, तमिल और तेलुगु में उद्घोषणा की व्यवस्था की है, ताकि अलग-अलग राज्यों से आने वाले श्रद्धालुओं को सहूलियत हो.

## सीएम शिवराज का हेलीकॉप्टर क्रैश होते-होते बचा, पायलट ने मनावर में कराई इमरजेंसी लैंडिग



**भोपाल (आरएनएस)।** मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान एक बड़े हादसे का शिकार होते बाल-बाल बचे। दरअसल, मुख्यमंत्री चुनावी सभा करने वे प्राइवेट हेलीकॉप्टर से जा रहे थे। इसी दौरान हेलीकॉप्टर में तकनीकी समस्या आ गई और हेलिकॉप्टर क्रैश होते-होते बच गया। पायलट की सूझ-बूझ की वजह से हेलिकॉप्टर को मनावर में इमरजेंसी लैंडिंग कराई गई। इसके बाद शिवराज कार से धार के लिए रवाना हुए। उन्हें साढ़े चार बजे तक धार पहुंचना था, लेकिन सडक़ मार्ग से जाने की वजह से डेढ़ घंटे देरी से पहुंचे।

सीएम शिवराज ने धार में सभा को संबोधित करते हुए खुद इसकी जानकारी दी। उन्होंने कहा कि मैं देरी से आने के लिए माफी चाहता हूं। मेरी गलती नहीं है, हेलिकॉप्टर ने उडऩे से मना कर दिया। मनावर में हेलिकॉप्टर उड़ा तो पर थोड़ा ऊपर जाकर डगमगाने लगा। पायलट ने कहा कि सर कुछ गड़बड़ है, इमरजेंसी लैंडिंग कराना पड़ेगी। उसके बाद मनावर में ही उसे उतार दिया गया। फिर मैं सडक़ मार्ग से यहां आया हूं।

जानकारी के अनुसार, सीएम शिवराज चुनाव होने के कारण निजी कंपनी के हेलिकॉप्टर की सेवाएं ले रहे हैं। मनावर से धार जाते समय हेलिकॉप्टर में कुछ तकनीकी समस्या आई जिस पर पायलट ने सूझ-बूझ का परिचय देते हुए हेलिकॉप्टर को मनावर में सुरक्षित लैंड कराया। हेलिकॉप्टर में आई खराबी की जानकारी भोपाल के अफसरों को मिली तो उन्होंने मेंटेंनेस कंपनी से संपर्क किया। अब जल्दी ही टीम मनावर के लिए रवाना होगी। मनावर में जिस मैदान में हेलिकॉप्टर खड़ा है, उसे देखने के लिए काफी ग्रामीण भी एकत्र हुए हैं।

## नाराज पति बना हैवान, 8 माह की गर्भवती पत्नी को पहले पीटा; फिर बाइक से बांधकर घसीटा



**पीलीभीत (आरएनएस)।** यूपी के पीलीभीत जिले के पूरनपुर क्षेत्र से हैरान कर देने वाला मामला सामने आया है। यहां घरेलू विवाद के बाद एक पति ने पहले पत्नी को जमकर पीटा। इसके बाद बाइक के पीछे बांधकर उसे काफी दूर तक घसीटा। पत्नी आठ माह की गर्भवती थी इसके बाद पति को उस पर तरस नहीं आया है। बाइक से घसीटे जाने के कारण महिला बुरी तरह से घायल हो गई।

घुंघचाई निवासी युवक का अपनी 8 माह की गर्भवती पत्नी से कुछ दिनों से मनमुटाव चल रहा है। कई बार गांव और मायके पक्ष के लोगों के बीच सुलह समझौता हुआ। शनिवार को दंपति के बीच विवाद हो गया। नाराज पति ने विवाहिता की पिटाई कर दी। इसके बाद उसके दोनों हाथ रस्सी से बांधकर बाइक में बांध पर काफी दूर तक घसीटा। पड़ोस के कई लोगों के समझाने के बावजूद आरोपी नहीं माना।

सडक़ पर घसीटने से वह घायल हो गई। सूचना मिलने के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने आरोपी पति को हिरासत में लिया है। वहीं घायल को मेडिकल परीक्षण के लिए अस्पताल भिजवाया गया है। विवाहिता के भाई ने आरोपी के खिलाफ थाने में तहरीर दी है। थाना प्रभारी राजेंद्र सिंह सिरोही ने बताया विवाहिता से मारपीट के मामले में तहरीर मिली है। घायल का मेडिकल कराया गया है।

गर्भवती बहन को बाइक से घसीटे जाने की जानकारी जब भाई को हुई तो उसने जीजा के खिलाफ थाने में तहरीर दी। महिला के पति के खिलाफ 307 का मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी गई है। अस्पताल में भर्ती पीड़ित महिला ने पुलिस को बताया कि पति ने हंसी-हंसी में उसके हाथ बांध दिए, फिर दूर तक बाइक से घसीटा। थाना प्रभारी ने बताया कि आरोपी को हिरासत में ले लिया गया है।

## बीच हवा में थी इंडिगो की फ्लाइट, यात्री के मुंह से अचानक निकलने लगा खून- इमरजेंसी लैंडिंग के बाद मौत




**इंदौर (आरएनएस)।** मदुरै से दिल्ली जा रही इंडिगो की एक फ्लाइट में बुजुर्ग यात्री की तबीयत बिगड़ गई। इससे फ्लाइट को इंदौर हवाईअड्डे पर इमरजेंसी उतारना पड़ा। इसके बाद आनन-फानन उसे फ्लाइट से उतारकर नजदीक के एक अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

एयरलाइन के एक अधिकारी ने बताया कि विमान जब हवा में था, तभी यात्री के मुंह से खून आने लगा। अधिकारी ने कहा, 'यात्री अतुल गुप्ता की तबीयत खराब हो गई, जब उड़ान मध्य हवा में थी और उन्हें इंदौर के देवी अहिल्याबाई होल्कर अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे के पास एक अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया।

देवी अहिल्याबाई होल्कर इंटरनेशनल एयरपोर्ट के प्रभारी निदेशक प्रबोध चंद्र शर्मा ने कहा, 'शुरुआती सूचना के अनुसार, अतुल गुप्ता (60), जो इंडिगो एयरलाइंस की उड़ान 6ई-2088 पर सवार थे, उनके मुंह से खून बह रहा था और यात्रा के बीच में उनकी हालत बिगड़ गई। मेडिकल इमरजेंसी के कारण मदुरै-दिल्ली फ्लाइट को इंदौर के लिए डायवर्ट किया गया था और यह शाम करीब 5.30 बजे स्थानीय हवाई अड्डे पर उतरी। अतुल गुप्ता को हवाई अड्डे से एक निजी अस्पताल ले जाया गया जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया।

## बांग्लादेशी अपराधियों के गिरोह का मुखिया लखनऊ से गिरफ्तार

**लखनऊ (आरएनएस)।** लखनऊ पुलिस ने उत्तर प्रदेश और देश के अन्य हिस्सों में कई डकैतियों में शामिल बांग्लादेशी अपराधियों के गिरोह के प्रमुख को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने चिनहट थाना क्षेत्र से गिरोह के एक प्रमुख सदस्य को गिरफ्तार किया है।

पुलिस उपायुक्त (डीसीपी), पूर्व, हृदेश कुमार ने कहा कि, बांग्लादेशी नागरिक की पहचान 35 वर्षीय असलम खान के रूप में हुई है और वह लखनऊ और वाराणसी के विभिन्न हिस्सों में डकैती के कई मामलों में वांछित था।

उन्होंने कहा कि, राज्य में कई अपराधों में नाम सामने आने के बाद उसके सिर पर एक लाख रुपये का इनाम घोषित किया गया है।

डीसीपी ने कहा कि, पुलिस पिछले तीन सालों से उसे ट्रैक करने की कोशिश कर रही थी और उसे एक गुप्त सूचना मिलने के बाद गिरफ्तार किया गया था कि वह गिरोह के दो सदस्यों, रबीबुल और बिलाल, दोनों बांग्लादेशी नागरिकों से मिलने के लिए भारत लौटा था, जो लखनऊ जिले में बंद थे।


डीसीपी ने कहा कि, असलम ने 2020 और 2021 के बीच चिनहट, मॉल, गोमती नगर और विभूति खंड में डकैतियों में शामिल होने की बात कबूल की है।

### जम्मू-कश्मीर के बडगाम में सुरक्षाबलों और आतंकवादियों के बीच मुठभेड़

**जम्मू (आरएनएस)।** जम्मू-कश्मीर के बडगाम जिले में रविवार को सुरक्षाबलों और आतंकवादियों के बीच मुठभेड़ शुरू हो गई। पुलिस के एक अधिकारी ने बताया कि मध्य कश्मीर जिले में मगाम के रेडबग इलाके में आतंकवादियों की मौजूदगी की सूचना मिलने पर सुरक्षाबलों ने इलाके की घेराबंदी की और वहां तलाश अभियान चलाया। उन्होंने कहा कि तलाश अभियान उस समय मुठभेड़ में तबदील हो गया जब आतंकवादियों ने सुरक्षाबलों पर गोलीबारी शुरू कर दी। उन्होंने बताया कि मुठभेड़ जारी है और अभी किसी के हताहत होने की खबर नहीं है।

## पहाड़ों पर बर्फबारी से मैदानों पर फिर लौटी ठंड

❒ दिल्ली-एनसीआर में पारा 5 डिग्री तक लुढक़ा



**नईदिल्ली (आरएनएस)।** मौसम विभाग (आईएमडी) ने जो अनुमान लगाया था, ठीक उसी के मुताबिक दिल्ली- एनसीआर समेत पूरे उत्तर भारत में शीतलहर की वापसी हो गई है। इसका कारण पहाड़ी इलाकों में हो रही बर्फबारी है जिसने मैदानी इलाकों में ठंड को फिर से बढ़ा दिया है।

रविवार सुबह दिल्ली में औसत तापमान 5 डिग्री तक दर्ज किया गया, जबकि कई इलाकों में पारा 5 डिग्री से भी नीचे गिर गया है। आईएमडी ने चेतावनी भी दी है कि दिल्ली- एनसीआर में न्यूनतम तापमान 3 डिग्री तक भी पहुंच सकता है।

आईएमडी के मुताबिक, दिल्ली-एनसीआर में सोमवार से शीतलहर चलने और न्यूनतम तापमान के गिरकर करीब 3 डिग्री सेल्सियस तक पहुंचने की संभावना है। वहीं आज यानी रविवार की बात करे तो, शनिवार के मुकाबले दिल्ली- एनसीआर का पारा एक दम से गिरा है।

बता दें, शनिवार को राष्ट्रीय राजधानी में न्यूनतम तापमान सामान्य से 3 डिग्री अधिक 10. 2 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जबकि अधिकतम तापमान सामान्य से दो डिग्री कम 18.4 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। लेकिन रविवार की सुबह होते होते पारा 5 डिग्री तक जा पहुँच गया।

आईएमडी ने पहले ही रविवार के लिए हल्के कोहरे का अनुमान जताया है, जिसमें अधिकतम 17 डिग्री और न्यूनतम तापमान 7 डिग्री सेल्सियस के आस-पास रहने की संभावना जताई थी। आईएमडी की तरफ से ये भी कहा गया है कि दिल्ली- एनसीआर में 16 जनवरी और 18 जनवरी के बीच शीतलहर चलेगी। आयानगर और रिज इलाके में मंगलवार और बुधवार को न्यूनतम तापमान तीन डिग्री सेल्सियस तक बना रह सकता है।

# हिंदुस्तानी महिला ने रद्दी से खड़ी कर ली करोड़ों की कंपनी, 60 से ज्यादा देशों में कर रही हैं कारोबार



**इंदौर (आरएनएस)।** कागज की रद्दी सुनते ही लोग आंख और भौंहें सिकोड़ लेते हैं क्योंकि इसे बेकार माना गया है, मगर हिंदुस्तान की एक महिला ने इसी कागज की रद्दी के सहारे करोड़ों की कंपनी खड़ी करने में कामयाबी हासिल की है।

हम यहां बात कर रहे हैं पूनम गुप्ता की, वे यहां प्रवासी भारतीय दिवस सम्मेलन में हिस्सा लेने आई थी। जिन्होंने स्कॉटलैंड में कागज की रद्दी को नया बाजार दिया है। पूनम मूल रूप से दिल्ली की रहने वाली हैं और उन्होंने यहां के लेडी श्रीराम कॉलेज से इकोनॉमिक्स ऑनर्स में डिग्री हासिल की और उसके बाद एमबीए किया।

वे वर्ष 2002 में पुनीत के साथ परिणय सूत्र में बंधी। पुनीत वहां चिकित्सा के क्षेत्र में काम करने वाली कंपनी से जुड़े हुए थे, लिहाजा पूनम को उम्मीद थी कि वह भी स्कॉटलैंड में नौकरी हासिल कर लेगी मगर उसके इरादों को सफलता नहीं मिली।

नौकरी पाने में असफल रही पूनम ने कुछ नया करने की ठानी और उसने इसके लिए रिसर्च शुरू कर दिया। इस रिसर्च के दौरान उन्हें पता चला कि यूरोप और अमेरिकी देशों में हर रोज कागज का स्क्रैप कई टन फेंका जाता है। ऐसा इसलिए क्योंकि वहां पर बेहतर किस्म के कागज का उत्पादन होता है और जो कागज कबाड़ में बचता है उसका फिर उपयोग कर अच्छी गुणवत्ता वाला कागज तैयार करना महंगा काम है, लिहाजा वह फेंक दिया जाता था। इसके लिए कंपनियों को लाखों रुपए खर्च करना होता था।

पूनम बताती हैं कि जब उन्हें कहीं सफलता नहीं मिली तो उनके मन में बिजनेस करने का विचार आया। उसी के आधार पर उन्होंने शोध किया और कागज के स्क्रैप के पुन: उपयोग पर ध्यान दिया। जब उन्हें पता चला कि इस कागज के स्क्रैप का बेहतर उपयोग भारत में हो सकता है, फिर वे उस दिशा में आगे बढ़ी। जब उन्होंने इटली की एक कंपनी से संपर्क किया तो उन्हें सफलता मिली और इस कचरे को उन्होंने बेचने का प्रयास शुरू किया, क्योंकि इस कंपनी के लिए तो वह कचरा ही था, इतना ही नहीं यह रद्दी जहां जगह घेरती है वहीं डंप करने में भी पैसा खर्च होता था।

पूनम को पहली डील ने उत्साहित कर दिया क्योंकि 40 लाख रुपए की थी, जिसके बाद उनका धीरे-धीरे काम बढ़ा और उन्होंने वर्ष 2004 में पीजी पेपर नाम से स्कॉटलैंड में एक कंपनी रजिस्टर करा ली।

पूनम ने अपने काम को आगे बढ़ाया और उसी के चलते इटली, फिनलैंड और यूएसए की कुछ कंपनियों से स्क्रैप पेपर खरीदने के प्रयास में जुट गई। कंपनियों से उन्होंने कहा कि जिस कचरे को डंप करने में आप पैसा खर्च करते हैं वह आप मुझे दीजिए जिसके बदले में मैं कुछ पैसा आपको भी दूंगी। फिर क्या था बात बन गई। कंपनी ने इस तरह के ऑफर में दिलचस्पी दिखाई और पहला काम उन्हें इटली की कंपनी ने दिया।

आगे चलकर उनका यह काम ऐसा बना कि कई देशों में सफल हुई और इसके साथ उन्होंने अन्य क्षेत्रों में भी हाथ आजमाया। आज नौ कंपनियों की मालिक हैं इसके साथ ही 60 से ज्यादा देशों में कारोबार कर रही हैं इतना ही नहीं उनकी कंपनी की नेटवर्क एक हजार करोड़ की हो गई है।

आखिर उनके मन में यह स्क्रैप पेपर का काम करने का विचार कैसे आया तो वे बताती हैं कि आमतौर पर भारत में पुरानी चीजों से लोगों को लगाव होता है और कोई आसानी से उसे नहीं छोड़ता। उसका सालों उपयोग करते हैं उसके बाद भी कोई चीज रिजेक्ट नहीं होती। उसका काम हो जाने के बाद यह सोचा जाता है कि इसे कैसे दूसरे काम में यूज किया जाए भारत की इसी सोच ने मुझे यह बिजनेस करने को प्रेरित किया।

दूसरे देशों में जो स्क्रैप पेपर निकलता है उससे बेहतर तरह का कागज दोबारा नहीं बन पाता, जबकि भारत में स्क्रैप पेपर से बनने वाला कागज बेहतर किस्म का होता है। बस इसी संभावनाओं ने इस क्षेत्र में कदम बढ़ाने का अवसर दिया और आज इस मंजिल पर हूं। अब कपड़ों के स्क्रैप का कैसे उपयोग किया जा सकता है, इस दिशा में काम चल रहा है।